दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंक:-254
मुरादाबाद
04 January 2025
(Saturday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी ने किया जल शोधन परियोजना का शुभारंभ, कहा- यह उर्वरता और जीवन को बचाने का कार्य



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में राप्ती नदी अविरल एवं निर्मल रहे, उसका जल स्वच्छ एवं सुदर रहे, इसके लिए जो प्रयास नगर निगम ने किया है वह सराहनीय है। यह बहुत बड़ा काम हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राप्ती नदी में गिरने वाले नालों के प्राकृतिक विधि (फाइटोरेमिडीएशन तकनीकी) से जल शोधन की 2 करोड़ 70 लाख रुपये की नगर निगम की परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक विधि से जल शोधन से नदी की शुद्धि के साथ करोड़ों रुपये की बचत भी होगी। इसमें न तो बिजली का खर्च आएगा और न ही मेंटिनेंस का। तकियाघाट पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में राप्ती नदी अविरल एवं निर्मल रहे, उसका जल स्वच्छ एवं सुदर रहे, इसके लिए जो प्रयास नगर निगम ने किया है वह सराहनीय है। यह बहुत बड़ा काम हुआ है। यह कार्य उर्वरता और जीवन को बचाने के लिए हुआ है। सीएम ने कहा कि महापुरूषों ने जल को जीवन माना है। प्रदूषित जल के कारण गोरखपुर के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश में 1977 से लेकर 2017 तक 50 हजार मासूम बच्चे इंसेफेलाइटिस एवं वेक्टरजनित बीमारियों के कारण काल के गाल में समा गए। विषाणुजनित बीमारियों से होने वाली मौतों का कारण प्रदूषित जल और गंदगी था। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन पूरे देश में लागू हुआ। हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन प्रारंभ हुआ। हर घर नल योजना के माध्यम से घर-घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। पीएम मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ नदी संस्कृति को बचाने का कार्यमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज नामामि गंगे परियोजना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से नदी संस्कृति को बचाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। आज उसका परिणाम है कि दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक व आध्यात्मिक समागम उत्तर प्रदेश की धरती प्रयागराज में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी पर महाकुम्भ के रूप में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में भी हमारी सभ्यता एवं संस्कृति नदी के तट पर बसी है। गोरखपुर राप्ती नदी व रोहिन नदी के तट पर बसा है। जो नदी हमारी सभ्यता व संस्कृति की जननी है, उसे शुद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। 350 था बीओडी लेवल, अब 22 हुआ- मुख्यमंत्री ने कहा कि राप्ती नदी में प्रदूषित पानी गिरने के कारण पहले नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नगर निगम पर लगातार जुर्माना कर रहा था। नगर निगम ने 110 करोड़ रुपये की लागत से एसटीपी बनने की तैयारी की थी, तब हमने कहा कि जल शोधन के लिए प्राकृतिक तरीका अपनाया जाए। आज उसका सुखद परिणाम सबके सामने है। पहले यहां पानी का बीओडी (बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड) लेवल 350 तक पहुंच गया था और खतरनाक जहर से भी बदतर होकर वह खेतों में सिंचाई के लायक भी नहीं था। प्राकृतिक विधि से जल शोधन के बाद अब बीओडी लेवल शुद्ध स्थिति में आ गया है। इस परियोजना में अंतिम छोर पर गिरने वाले पानी का बीओडी लेवल 22 आया है। सिर्फ एक बार का खर्च और फिर बचत ही बचत- सीएम योगी ने कहा कि प्राकृतिक विधि से जल शोधन की इस परियोजना में सिर्फ एक बार 2 करोड़ 70 लाख रुपये लगे हैं और अब इससे करोड़ों रुपये की बिजली और मेंटिनेंस खर्च की बचत होगी। उन्होंने कहा कि इस विधि को और भी अच्छे ढंग से आगे बढ़ा सकते हैं। यह सतत विकास का एक मॉडल है। इसको हम हर नाले के साथ जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी ड्रेनेज और सीवर से जुड़े हुए जितने भी नाले हैं, उन सबको इसी रूप में आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे तो एक प्राकृतिक मॉडल के माध्यम से कम खर्चे में बेहतर परिणाम देकर जीवन की सबसे बुनियादी आवश्यकता जल की शुद्धता को बनाये रखने में हम सफल हो पायेंगे। समारोह को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक भोला अग्रहरि, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। नाले के शोधन कार्य का सीएम योगी में लिया जायजा- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नगर निगम की प्राकृतिक विधि (फाइटोरेमिडीएशन तकनीकी) से जल शोधन परियोजना का शुभारंभ करने से पूर्व इसका जायजा भी लिया। उन्होंने प्रोजेक्ट की डिजाइन का अवलोकन करने के साथ मौके पर जाकर शोधित जल की स्थिति भी देखी। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने उन्हें बताया कि महानगर से निकलने वाला दूषित जल मुख्य 15 नालों के माध्यम से राप्ती और रोहिन नदी में गिरता है। नदी के जल को दूषित होने से बचाने के लिए इलाहीबाग रेगुलेटर से तकिया घाट होते हुए राप्ती नदी में गिरने वाले नाले पर नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से प्राकृतिक विधि (फाइटोरेमिडीएशन तकनीकी) से जल शोधन का कार्य कराया जा रहा है। इस विधि के तहत मुख्य नाले एवं उसमें गिरने वाले चार ब्रांच नालों और दो अन्य ब्रांच नालों पर प्री फिल्टर लगाया गया है। साथ ही प्रति 30 से 40 मीटर पर प्राकृतिक स्टोन से गैबियन वाल बनाई गई है। नाले में एक्वेटिक प्लांट भी लगाए गए हैं। इन प्रक्रियाओं से होकर गुजरने वाला जल शोधित होकर नदी में गिरता है। इस परियोजना की क्षमता प्रतिदिन 15 मेगा लीटर जल शोधन की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अन्य नालों को भी इंटरसेप्ट कर प्राकृतिक विधि से जल शोधन का सुझाव दिया। नागरिकों से किया आत्मीय संवाद- तकियाघाट पर जल शोधन परियोजना का निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कक्षा तीन में पढ़ने वाली आशिया नाम की एक बच्ची से पूछा कि पढ़ाई कैसी चल रही है। मुख्यमंत्री में आशिया आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट भी गिफ्ट किया।

## कांग्रेस ने जीएसटी पर फिर मोदी सरकार को घेरा, कहा- पॉपकॉर्न पर टैक्स की जगह अर्थव्यवस्था पर ध्यान दें



कांग्रेस के संचार मामलों के महासचिव जयराम रमेश ने जीएसटी के नए आंकड़ों पर कहा कि भारत कम खपत, कम निवेश, कम विकास, कम मजदूरी के खतरनाक चक्र में फंसा हुआ है। कांग्रेस ने एक बार फिर केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने शुक्रवार को जीएसटी के नए आंकड़ों को निराशाजनक बताया। साथ ही सरकार से पॉपकॉर्न पर टैक्स लगाने के बजाय अर्थव्यवस्था की जटिलताओं पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। देश खतरनाक चक्र में फंसा%- कांग्रेस के संचार मामलों के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पत्र साझा किया। उन्होंने जीएसटी के नए आंकड़ों पर इसमें कहा, भारत कम खपत, कम निवेश, कम विकास, कम मजदूरी के खतरनाक चक्र में फंसा हुआ है। ग्रोथ में गिरावट से लेकर खराब जीएसटी राजस्व संग्रह तक की आर्थिक मोर्चे पर निराशाजनक खबरें, सरकार से यह अपेक्षाए करती हैं कि सरकारी तंत्र अपना ध्यान पॉपकॉर्न पर टैक्स लगाने से हटाकर अर्थव्यवस्था की जटिलताओं से निपटने पर केंद्रित करे। जीएसटी संग्रह साढ़े तीन साल में दूसरी बार सबसे धीमी गति से बढ़ा-उन्होंने कहा, %पिछले साल दिसंबर के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले महीने जीएसटी संग्रह साढ़े तीन साल में दूसरी बार सबसे धीमी गति से बढ़ा है। रिफंड के समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह घटकर 3.3 प्रतिशत रह गया है, जो वित्त वर्ष 2025 में सबसे कम है। यह कई मोर्चों को लेकर गंभीर खबर है। सबसे पहले, मौजूदा वित्तीय वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में सरकार ने जीएसटी संग्रह में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। जबकि बजट अनुमान में 11 प्रतिशत की वृद्धि की बात थी।% उन्होंने आगे कहा कि राजस्व संग्रह में यह गिरावट सरकार के लिए मनरेगा जैसे सामाजिक कल्याण के कार्यक्रमों में और कटौती करने की वजह नहीं हो सकती है, वो भी ऐसे समय में जब ग्रामीण मजदूरी स्थिर रही है और खपत में कमी आई है। इसके बजाय सरकारी व्यय को अर्थव्यवस्था के लिए प्रोत्साहन के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। धोखाधड़ी से भरे होने की आशंका- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि दूसरा, पिछले महीने के शुद्ध संग्रह में इस नरमी के एक हिस्से के रूप में करदाताओं को रिफंड में 45.3 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। कुछ हद तक यह सही भी है, लेकिन इन रिफंड्स का एक महत्वपूर्ण भाग धोखाधड़ी से भरे होने की आशंका है। जीएसटी प्रणाली की जटिलता के कारण - विशेष रूप से खामियों से भरे सॉफ्टवेयर सिस्टम के साथ मिल जाने पर - बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की गुंजाइश होती है। उन्होंने कहा कि इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) धोखाधड़ी विशेष रूप से आम बात है, केवल 12 प्रतिशत की वसूली दर के बीच, 35,132 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की पहचान की गई है। आपूर्ति श्रृंखला के कमज़ोर ट्रैकिंग सिस्टम का मतलब है कि ख़रीदार आपूर्ति प्राप्त किए बिना आईटीसी का दावा कर सकते हैं

और अक्सर धोखाधड़ी वाले रिफंड को लेने के लिए झूठे चालान का उपयोग करते हैं या टर्नओवर को बढ़ाते हैं। न्यूनतम सत्यापन और ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान फिजिकल जांच न होने से भी फर्जी कंपनियां बन रही हैं, जो वास्तविक संचालन के बिना ही रिफंड मांगती हैं। फर्मों ने उन निर्यातों पर भी रिफंड क्लेम किया है जो इस तरह के लाभों के लिए योग्य नहीं हैं। जीएसटी के लिए पर्याप्त प्रवर्तन तंत्र का न होना वित्त पर प्रतिबिंबित होने लगा है। पिछले 10 वर्षों में ग्रामीण मजदूरी स्थिर-उन्होंने यह भी कहा कि अंततः, यह गिरावट एक गहरे आर्थिक संकट के बुनियादी मुद्दे को भी प्रतिबिंबित करती है। जुलाई-सितंबर 2024 के दौरान जीडीपी ग्रोथ रेट घटकर मात्र 5.4 प्रतिशत रह गई थी जो 5.4 प्रतिशत की समान रूप से कमजोर निजी निवेश ग्रोथ के बराबर थी। उपभोग वृद्धि स्थिर हो गई है, जिसके कारण भारतीय उद्योग जगत से सार्वजनिक संकट को लेकर आवाजें उठ रही हैं। लगातार सामने आ रहे साक्ष्यों से पता चलता है कि कमरतोड़ महंगाई और बड़े पैमाने पर बेरोज़गारी के बीच, पिछले दस वर्षों में ग्रामीण मजदूरी स्थिर हो गई है। भारत कम खपत - कम निवेश - कम विकास - कम मजदूरी के खतरनाक चक्र में फंसा हुआ है। आर्थिक मोर्चे पर निराशाजनक खबरें-जयराम रमेश ने कहा कि आर्थिक मोर्चे पर निराशाजनक खबरें - ग्रोथ में गिरावट से लेकर ख़राब त्रस्ञ राजस्व संग्रह तक - यह मांग करती है कि सरकारी तंत्र अपना ध्यान पॉपकॉर्न पर टैक्स लगाने से हटाकर अर्थव्यवस्था की जटिलताओं से निपटने पर केंद्रित करे। लगभग एक महीने बाद पेश होने वाले केंद्रीय बजट में भारत के गरीबों को आय सहायता और मध्यम वर्ग के लिए कर राहत प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी 2.0 - जो वास्तव में गुड और सिंपल हो, जैसा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अपने न्याय पत्र में कल्पना की थी - लाया जाना चाहिए। टैक्स और जांच एजेंसी का आतंक, जो निजी निवेश को रोक रहा है और उद्यमियों को विदेश भागने के लिए मजबूर कर रहा है, समाप्त होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### चंदन गुप्ता हत्याकांड: 28 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा, 50 हजार का लगा जुर्माना, कोर्ट ने सुनाया फैसला

26 जनवरी 2018 को कासगंज में निकाली गई तिरंगा यात्रा में चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में कोर्ट ने 28 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।कासगंज में चंदन गुप्ता हत्याकांड में दोषी ठहराए गए 28 आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।बता दें कि एक दिन पहले बृहस्पतिवार को ही एनआईए की विशेष अदालत ने 28 आरोपियों को दोषी करार दिया था, जबकि दो को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। कासगंज में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा के दौरान भड़के दंगे में चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने सरकार बनाम सलीम व अन्य के मामले में गुरुवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने दोष सिद्ध हो चुके आरोपी बरकतुल्लाह के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करने का भी आदेश दिया।सभी आरोपियों को आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 341, 336, 307, 504, 506 और वसीम, नसीम, मोहसिन, राहत, बबलू और सलमान को राष्ट्रध्वज अपमान निवारण अधिनियम की धारा - 2 और आयुध अधिनियम की धारा 2/25 जबकि अभियुक्त सलीम को आयुध अधिनियम की धारा 25/27 के अंतर्गत भी दोषी करार दिया गया है।

## लखीमपुर में विधायक बेटे पर चली गोली, सीओ पर भड़के पूर्व सांसद, बोले- आप लोग यहां रहने लायक नहीं

लखीमपुर गोलीकांड पर भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू के पिता पूर्व सांसद जुगल किशोर ने जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूरे मामले की शिकायत सीएम से करने की बात कही है।लखीमपुर खीरी में कस्ता के भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू के साथ बुधवार रात शराबियों के उलझने और हवाई फायरिंग किए जाने की घटना के बाद सियासी माहौल गरमाया हुआ है। इस मामले की जांच के क्रम में सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी बृहस्पतिवार को जब विधायक के आवास पर पहुंचे तो वहां मौजूद विधायक के पिता पूर्व सांसद और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जुगल किशोर भड़क गए।पूर्व सांसद ने सीओ से कहा कि आप लोग किसी काम के नहीं। मैं मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत दर्ज कराऊंगा। आप लोग यहां रहने लायक नहीं हैं। न तो आप न तो आपका इंस्पेक्टर और न ही एसपी जिले में रहने लायक हैं। जिले की कानून व्यवस्था बिल्कुल बिगड़ चुकी है और पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है। विधायक पर गोली चल गई है। दिनदहाड़े डकैती पड़ रही है। यह हुई थी घटना -सदर कोतवाली के मोहल्ला शिवकॉलोनी में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू रहते हैं। वह बुधवार रात अपनी पत्नी खुशबू सिंह के साथ अपने आवास के बाहर खाना खाकर टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान दो-तीन युवक उनके घर से कुछ दूरी पर शराब पी रहे थे। विधायक व उनकी पत्नी को देखकर उक्त युवकों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। विधायक ने विरोध किया तो दबंगों ने फायरिंग कर दी। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी।विधायक के घर के बाहर फायरिंग की घटना की सूचना पुलिस को मिली तो एएसपी से लेकर इंस्पेक्टर तक उनके आवास की ओर दौड़ पड़े। रात को ही पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। इसके अलावा पुलिस विधायक आवास के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पड़ोस के लोगों से पूछताछ कर रही है। सूचना पर पहुंचे साथी विधायक-घटना की सूचना मिलने पर जिले के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों के विधायक एकजुट होकर कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू के आवास पर पहुंचे। सभी विधायकों ने घटना की पुरजोर निंदा की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मुख्यमंत्री को दी गई है।



## संपादकीय Editorial

### Time Management

With the changing dates of the calendar, we have entered the year 2025. In fact, this is an opportunity for self-examination. On this occasion, most people take some new resolutions, vow to give up evils, make new plans and these efforts continue for a few days. Through these resolutions, all of us try to bring some positive changes in our lives by implementing them, but due to lack of determination, we return to the old ways within a few days, that is, all our resolutions, all our plans fail. For example, if we are addicted to smoking, then instead of trying to quit smoking in one go, we should gradually reduce the amount of smoking and reach such a level that quitting smoking is no longer a difficult task for us. Similarly, if we wake up every day at around 7 am and resolve to wake up at 4 am, then we may suppress our feelings and wake up at 4 am for two-four days, but after that our rule will definitely be broken. Therefore, instead of starting to wake up at 4 o'clock at once, if we gradually reduce the time of waking up by half an hour, then see, in a few days such a miracle will happen that our internal clock will wake us up at the scheduled time on its own. Just as it takes time to get rid of a bad habit, similarly it takes time to develop new habits. Before taking any new resolution, identify your inner weaknesses, your virtues and demerits and review them. Instead of blaming others for your mistakes, failures or weaknesses, try to improve them one by one. Learn to accept your mistakes. By accepting your mistakes, you will not only be able to do self-analysis, you will also get to learn something new and your personality will also improve. Every person has some quality or the other, so try to learn some good things from others as well. For success and progress in life, it is important that transparency is clearly visible in your life. Whatever you say, you should also be seen implementing it. If you keep preaching to others and do not follow them yourself, then people will look at you with suspicion and your words will also have no value in their eyes. If you have a habit of criticizing others, then try to leave it because due to this habit of yours, you can fall in the eyes of others. Do not consider yourself inferior to others in any matter. If you have self-confidence, then you can face every kind of challenge firmly and win over it. Give up the tendency of thinking negatively towards others.Similarly, if we wake up every day at around 7 am and resolve to wake up at 4 am, then we may suppress our feelings and wake up at 4 am for two-four days, but after that our rule will definitely be broken. Therefore, instead of starting to wake up at 4 o'clock at once, if we gradually reduce the time of waking up by half an hour, then see, in a few days such a miracle will happen that our internal clock will wake us up at the scheduled time on its own. Just as it takes time to get rid of a bad habit, similarly it takes time to develop new habits. Before taking any new resolution, identify your inner weaknesses, your virtues and demerits and review them. Instead of blaming others for your mistakes, failures or weaknesses, try to improve them one by one. Learn to accept your mistakes. By accepting your mistakes, you will not only be able to do self-analysis, you will also get to learn something new and your personality will also improve. Every person has some quality or the other, so try to learn some good things from others as well. For success and progress in life, it is important that transparency is clearly visible in your life. Whatever you say, you should also be seen implementing it. If you keep preaching to others and do not follow them yourself, then people will look at you with suspicion and your words will also have no value in their eyes. If you have a habit of criticizing others, then try to leave it because due to this habit of yours,

# Deep State is a deep network of political conspiracies, what is its relation with the governments falling all over the world?

India is counted among the largest democratic countries of the world. What is the sudden threat to it from an unknown power called "Deep State"? Not only in India, this term is being discussed a lot in many countries of the world these days. It happened a few days ago. Our Vice President stood up in the Rajya Sabha and said - "We cannot allow the largest democracy to be made dysfunctional by deep state anywhere else". We will not let India's democracy be destroyed by the Deep State at any cost. "Hon'ble Members, We cannot allow the largest democracy to be made dysfunctional by deep state anywhere else. This House should be united in neutralising any trend, any initiative that is pernicious and dangerous to our sovereignty. India is counted among the largest democratic countries of the world. What is the sudden threat to it from an unknown power called "Deep State"? Not just India, this term is being discussed a lot in many countries of the world these days. Elon Musk considers Deep State a threat to democracy across the world. Donald Trump had talked about ending the Deep State during his election campaign. Not only this, the role of Deep State was also mentioned in the recent attack on Donald Trump. Does Deep State really exist? Or is it a conspiracy theory? According to many geopolitical experts, the Deep State is being said to have a hand in the recent fall of governments in Pakistan, Bangladesh and Syria. Earlier, the Deep State had personal interests in the governments that were toppled by America in many countries of the world. Now the question is what is Deep State? How did it start and why does this term scare the governments of many countries of the world? What is Deep State-Deep State is a network of American Intelligence Agency. It includes CIA, FBI, NSA etc. It is said that Deep State has more power than the democratically elected government in America. The governments that are falling all over the world, the wars that are taking place, behind them is the agenda of Deep State more than the American government. -Now the question arises that how does its Intelligence Agency (Deep State) have so much power more than the American government? A very interesting history is hidden behind this. Let's know - OSS wrote the story of the birth of Deep State7 December 1941 Everything was going well at Pearl Harbor Naval Base in America. Suddenly 353 Imperial aircraft of Japan come in the sky and start attacking the entire base. This attack was so destructive that 180 aircraft of America were completely destroyed in it, many cruise and anti-aircraft ships were sunk. In this attack, 2393 people of America were killed and 1178 were injured. After this incident, America jumped into the Second World War. After this attack by Japan, America understood that an intelligence agency is needed to keep the country safe. After this, the President of America, Franklin D. Roosevelt, meets Bill Donovan. Bill Donovan, also known as Wild Will, was a corporate lawyer in Wall Street. This person was well aware of how decisive a role intelligence can play during war. After meeting Wild Will, Roosevelt started OSS (Office of Strategic Services) in the year 1942 to win the Second World War. This was a centralized intelligence agency of America, which was made very influential by the White House by giving it excessive power to win the Second World War. OSS could do anything to win the war. This agency had only one objective, to protect the American people and win the Second World War. Modern War Intelligence started from here. OSS started propaganda and psychological warfare during the Second World War. Not only this, it carried out many covert operations in enemy countries. This agency adopted all the strategies of Sam, Daam, Dand, Bhed, Deceit, Treachery to keep America ahead in the war. After Germany and Japan surrendered in 1945, America and its allies won the Second World War. OSS had an important contribution in writing this success story of America. Harry Truman was surrounded by apprehensions about OSS. After the end of the Second World War, the question arose that what should be done with OSS now? On this, the then US President Harry Truman said that we do not want to take the risk of American Gestapo (Political Police) by keeping it. He said American Gestapo in the context of German Nazis. During the Second World War, Germany had a secret intelligence agency named Gestapo. It strengthened the dictatorship by implementing political norms in Germany during Hitler's time. Harry Truman did not want to take such a risk by keeping OSS. Truman knew that OSS had definitely helped a lot in winning the war, but its democratically unelected officers had a lot of power and secret information in their hands, which could prove to be very dangerous for American democracy. However, amidst all this, Truman officially ended this organization, but it was not such an easy task. Journey from OSS to CIA- After the end of World War II, there was a very peaceful period going on all over the world. Many countries were becoming independent. At this time, the Cold War had not even begun. After a gap of a few years, a period of tension suddenly began between the US and the Soviet Union. Both superpowers were looking at each other with suspicion. Amidst all this, many intelligence people who had worked in the OSS started talking about the revival of a centralized intelligence agency so that the Soviet Union could be defeated in this new war. However, many Congress members said that there was no need for such a centralized intelligence agency. Our constitution is not made in such a way that we should again give so much power like the OSS to some people who have not been democratically elected. Doing so would hurt the democratic structure of the country. The situation of tension between the US and the Soviet Union was constantly increasing. Seeing all this, Harry Truman changes his mind and starts the CIA i.e. Central Intelligence Agency under the National Security Act. While starting the CIA, he said that we have to take care that we do not have any American Gestapo. During the Cold War, the CIA was a new weapon for the US. In the Cold War between the US and the Soviet Union, these two countries were fighting each other through proxies. Amidst all this, the CIA was carrying out regime change, election rigging, and covert operations in many countries of the world. The list is quite long. Let us look at some selected regime change operations of the CIA - 1948: Italian elections - The CIA participated in the 1948 elections in Italy and ensured that its ally party won the elections. 1953: Iran - Operation Ajax - In 1953, under Operation Ajax, the CIA and MI6 removed the democratically elected government in Iran. Why was this needed? Iran wanted to nationalize its oil industry, but at that time Britain had a large stake in Iran's oil industry. Britain said that it had discovered the oil field in Iran, so Britain had the first right over it. Britain used to give only 16 percent of the money it earned by selling the oil present in Iran to Iran. The revenue earned by selling the oil extracted from Iran was audited in Britain at that time. However, the Prime Minister of Iran wanted it to be audited in his country so that transparency is maintained. The CIA and Britain did not like this, so both of them together started Operation Ajax. According to a declassified document of the CIA, they ran a disinformation campaign to topple the government in Iran. Protests were started against the government on a large scale. Senior military officials of Iran were bribed and finally, with the help of the army, the democratically elected government in Iran was toppled. 1954 Guatemala- In 1954, the CIA organized a coup in Guatemala. During this time, the influence of some private corporations of America had increased a lot in the CIA and the CIA was working for them. 1960 Congo- In the early 60s, the CIA organized a coup in Congo. 1973 Chile- In 1973, the CIA brought about a regime change in Chile. 1981 Ecuador- In 1981, the CIA wanted the President of Ecuador to take a loan from the US to build highways and power plants. However, the President of Ecuador did not want to take a loan from the US. After this, the President of Ecuador died in a mysterious plane crash. The surprising thing was that even the black box was not found in this plane crash. Other operations- After this, the CIA brought about a regime change in Indonesia, then Greece, and other countries. This list is quite long. Project Semrock- The CIA also ran Project Semrock from 1945 to 1975, under which it spied on its own citizens. Power of the CIA- At this time, the CIA was the most powerful intelligence agency in the world, which was working on many secret projects around the world. These people used to blackmail the Congress members (MPs) who were legally elected to the White House. Not only this, in the 60s, CIA intelligence officers had many secret information about America's most powerful President John F. Kennedy. CIA intelligence officers also used this information for their personal interest. By this time, CIA had become very powerful. In 1963, John F. Kennedy died suddenly, one month after that Harry Truman wrote in the Washington Post - "Limit CIA Role to Intelligence" The role of CIA in intelligence should be curbed as soon as possible. CIA operations were constantly creating a stir all over the world. Along with carrying out covert missions, CIA was spying on the people of its own country by running secret operations like Project Shamrock. People had turned against the government due to what happened in Vietnam in the 70s. By the 1970s, the American people came to know that this secret agency was spying on them. To investigate this, the Church Committee was formed in 1975, whose job was to investigate the wrongdoings of CIA, FBI, NSA and other intelligence agencies. After the investigation, 10 thousand secret documents were shared. In these, secret operations like Project Shamrock and COINTELPRO were revealed. The Church Committee report revealed the killing of Fidel Castro by the CIA. Conspiracy, spying on Martin Luther King Jr., all these things came to light. The Church Committee said that there are such undemocratically elected officials in the government who have so much power There are many weapons and resources with the help of which they are doing such secret work, which is against the democratic values ??of America. They are not even accountable to anyone for this. After these revelations of the Church Committee, new laws and regulations were brought to control things. New committees were formed to monitor their work. This hearing of the Church Committee was a historic event in the history of America. However, all this does not end here. CIA officers were very angry with the head of the Church Committee, Frank Church. They accused Frank Church of being an agent of KGB (Soviet Union's secret agency). After the revelations of the Church Committee, an attempt was made to bind the American intelligence agency within the ambit of law. In 1978, the Foreign Intelligence Surveillance Act (FISA) was passed. Under this, intelligence agencies like the CIA were required to take permission from the court to spy on someone. A special court was also formed for this. After the Church Gate hearing, the powers of these intelligence agencies were reduced. A framework was prepared for them to work within a limit. Powers strengthened again after 9/11 attack The biggest incident in the history of America happened on 11 September 2001. A plane directly hit the World Trade Center. Many people lost their lives in this incident. This attack by Al Qaeda shook America. After this incident, keeping national security in mind, CIA's secret intelligence officers and bureaucrats were given the same power as before. Just like OSS was started after Pearl Harbor attack, in the same way, after 9/11 attack, CIA was given back its lost power in the name of national security. Deep State had become powerful again. In the year 2013, Edward Snowden revealed that after 9/11 attack, America created global mass surveillance system. Through this system, America collected people's phone and internet data at global level. With the help of this system, CIA officers could see all the details of any person in the world, even if he was the President of a country. The CIA and NSA had access to the camera and microphone of the smartphone or laptop that the person was using. At that time.

# हीरो क्या खलनायक भी नहीं बनने देंगे, तैमूर नाम पर भड़के कुमार विश्वास...सैफ-करीना पर कसा तंज!

मुरादाबाद। मशहूर कवि कुमार विश्वास ने एक कार्यक्रम में सोनाक्षी सिन्हा के बाद अब बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान और करीना कपूर के बेटे तैमूर के नाम को लेकर विवादित टिप्पणी की है।



उन्होंने बयान में सैफ-करीना पर निशाना साधा है, जिसके बाद एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर कवि का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। कुमार विश्वास का जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें उन्होंने कहा- मुझे पता है, यहां ये रिकॉर्ड करने वाले बैठे हैं, लेकिन मैं बता दूं कि अब मायानगरी में बैठने वाले लोगों को समझना पड़ेगा कि देश क्या चाहता है।कुमार विश्वास ने बेटे का नाम तैमूर रखने पर कहा, अब ये नहीं चलेगा कि लोकप्रियता हमसे लोगे, पैसा हम देंगे, टिकट हम खरीदेंगे, हीरो-हीरोइन हम बनाएंगे। फिर तुम्हारी तीसरी शादी से औलाद होगी तो उसका नाम तुम बाहर से आने वाले किसी आक्रमणकारी पर रखोगे। ये चलेगा नहीं, इतने नाम पड़े हैं यार, कुछ भी रख लेते तुम। रिजवान रख लेते, उस्मान रख लेते, यूनुस रख लेते, हुजूर के नाम पर कोई नाम रख लेते। तुम्हें एक ही नाम मिला। उन्होंने अपने बयान में आगे कहा, जिस बदतमीज, लंगड़े आदमी ने हिंदुस्तान में आकर हमारी मां-बहनों का रेप किया, आप लोगों को अपने बेटे का नाम रखने के लिए वो लफंगा ही मिला। अब अगर इसे हीरो बनाओगे तो इसे खलनायक तक नहीं बनने देंगे, ये याद रखना। ये नया भारत है, जो अपने हिंदुस्तान से बेहद प्रेम करता है। सामने आया यह वीडियो 30 दिसंबर का बताया जा रहा है। कुमार विश्वास ने मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय में आयोजित कवि सम्मेलन में खुले मंच से ये बातें कहीं है।

# बाइक से टकराकर तेंदुए की मौत, बाइक सवार घायल. गुरुवार रात नौ बजे लौंगीखुर्द गांव के पास हुआ हादसा

मुरादाबाद। गुरुवार देर रात ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद हाईवे पर लौंगी खुर्द गांव के निकट हरकली डिग्री कॉलेज के पास सड़क पार कर रहा तेंदुआ से तेज रफ्तार बाइक सवार टकरा गया। बाइक की टक्कर



से तेंदुए की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर कोतवाली निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी ठाकुरद्वारा में भर्ती कराया गया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर तेंदुए के शव को कब्जे में लिया। गुरुवार को थाना भोजपुर के गांव तिगरी निवासी साजिद पुत्र भूरा किसी काम से ठाकुरद्वारा आया था। वह रात नौ बजे बाइक से ठाकुरद्वारा की दिशा से अपने घर जा रहा था। तभी मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा हाईवे पर लौंगी खुर्द के निकट हरकली डिग्री कॉलेज के पास तेंदुआ सड़क पार कर रहा था। तेंदुए को देख साजिद घबराहट में अपना संतुलन खो बैठा और बाइक तेंदुए से टकरा गई। इससे साजिद बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं तेंदुआ भी घायल होकर सड़क पर गिर गया। सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस की सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। तब तक तेंदुए की मौत हो चुकी थी। वन दरोगा मदन सिंह का कहना है कि तेंदुए के सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हुई है। वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को कब्जे में ले लिया। जबकि घायल साजिद का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घायल के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है ।

# जलकल विभाग के कर्मचारी ने फंदे पर झूलकर दी जान, सुसाइड से पहले बहन को किया था कॉल

## अयोध्या के गोसाईं गंज का रहने वाला था मृतक

मुरादाबाद। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीएसएनल कालोनी में कर्मचारी ने घर के कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे दी। आत्महत्या की सूचना पर पहुंची थाना सिविल लाइंस पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर दरवाजा तोड़कर फंदे पर लटक रहे शव को उतारकर साक्ष्य जुटाए। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कर्मचारी ने सुसाइड नोट में अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात कही है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के रामगंगा विहार बीएसएनल कालोनी निवासी अंकित तिवारी ( 23 ) जलकल विभाग में संविदा कर्मचारी था। अंकित ने गुरुवार को अपने घर के कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर उस पर लटक कर अपनी जान दे दी है। सुसाइड करने से पहले मृतक ने जम्मू कश्मीर में रहने वाली अपनी बड़ी बहन शिल्पी को सुसाइड करने की बात कहते हुए मां और सबका ख्याल रखने की बात कही थी। बहन शिल्पी के द्वारा अपनी मां ज्ञान लक्ष्मी और उसके दोस्त सचिन को जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर मां और दोस्त के द्वारा देखा गया तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने दरवाजा तुड़वाकर देखा तो अंकित तिवारी का शव फंदे पर लटका हुआ था, अंकित को देख मां ज्ञान लक्ष्मी की चीख निकल गई। बताया गया कि अंकित तिवारी अपनी मां ज्ञान लक्ष्मी के साथ बीएसएनएल के बने फ्लैट्स में रहा करता था। उसके पिता की कई साल पहले मृत्यु हो जाने के बाद उसकी मां को उनकी जगह नौकरी मिल गई थी। वह कंपनी बाग के पास बीएसएनएल के कार्यालय में तैनात हैं। रोज की तरह गुरुवार को भी वह अपने बेटे को घर में छोड़कर ड्यूटी पर चली गई थी। जहां उनकी बेटी शिल्पी ने बेटे के सुसाइड करने की बात बताई थी। मृतक मूलरूप से अयोध्या के गोसाईं गंज का रहने वाला था। अंकित अपने परिवार में सबसे छोटा था। उससे बड़ा एक भाई और बहन है। भाई अंकुर तिवारी है जो कि विवाहित है अपने परिवार के संग अयोध्या में ही रहता है। बहन शिल्पी अपने पति के साथ जम्मू कश्मीर में रहती है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंकित की मौत से उसकी मां व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर छोड़ा सुसाइड नोट, किसी के दबाव में नहीं दे रहा जान- अंकित तिवारी ने मौके पर सुसाइड नोट भी छोड़ा है। अंकित तिवारी ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं अंकित तिवारी पुत्र स्व. श्रीकांत तिवारी अपने होशोहवाश में ये सुसाइड नोट लिख रहा हूं। मैं किसी दबाव के न चलते अपनी मर्जी से आज सुसाइड कर रहा हूं। आज मैं पापा के पास जा रहा हूं। मैं चाहता हूं कि मेरे मरने के बाद मुझे अयोध्या ले जाया जाए और मेरा अंतिम संस्कार वहीं किया जाए। मैं वहीं रहना चाहता हूं। मेरी मां बहुत प्यारी हैं। मेरे मरने के बाद मेरा सारा सामान उन्हें दिया जाए। भैया, दीदी और मां का ध्यान रखना। आप बहुत अच्छे भैया हो। सुरक्षाकर्मियों को भी देखना चाहिए कि हमेशा लड़के ही गलत नहीं होते। उन्हें गलत बताया जाता है।



# पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़, दो बदमाशों के पैर में लगी गोली...जिला अस्पताल में भती

मुरादाबाद। थाना मैनाठेर में गोकशी करने जा रहे गौ तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस और एसओजी की टीम ने जब इनको रोकने की कोशिश की तो इन बदमशों ने पुलिस पर



फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाशों के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने दोनों बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। गोकाशी में वंचित इन दोनों बदमाशों पर लगभग एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए बदमाश कुंदरकी का अकरम, जिला अमरोहा के सैद नगली का रहने वाला राहत उर्फ बिल्ला है। पुलिस ने इनके पास से दो अवैध तमंचे, चार जिंदा कारतूस, एक बाइक, पशु काटने के उपकरण हुए बरामद किए हैं। मुरादाबाद एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने मीडिया को बताया कि गुरुवार को आधी रात के वक्त पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ गोकश मैनाठेर एरिया में गोकशी करने निकले हैं। सूचना के बाद मैनाठेर पुलिस और एसओजी की टीम ने इन बदमाशों की तलाश में अभियान शुरू किया। मैनाठेर इलाके में पुलिस ने बदमाशों को घेरा तो उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों को पैर में गोली लगी है। एसपी का कहना है कि दोनों पहले भी कई बार गोवंशीय पशुओं के कटान में पकड़े गए हैं। इनके खिलाफ करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इलाज कराने के बाद पकड़े गए दोनों गोकशों को कोर्ट में पेश करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

# अर्चना एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनें रद्द, पठानकोट तक चलेगी बेगमपुरा

## रेलवे में ढांचागत सुधार के चलते यात्रियों को होगी परेशानी

मुरादाबाद। रेलवे में ढांचागत सुधार के चलते यात्रियों को भी सफर में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेल मुख्यालय ने फिरोजपुर मंडल में जम्मू स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के तहत यार्ड रिमाडलिंग वर्क के चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा। आठ जनवरी से एक सप्ताह तक चलने वाले कार्य से मुरादाबाद रूट से गुजरने वाली अर्चना एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनों को रद्द किया गया है। यह ट्रेन पटना से 7 व 11 जनवरी को नहीं चलेगी। जबकि कार्य के लिए ब्लाक के कारण बेगमपुरा एक्सप्रेस को बीच पठानकोट में शार्ट टर्मिनेट किया जाएगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि जम्मू के पुनर्विकास को लेकर यार्ड रिमाडलिंग का काम होगा। 8 से 14 जनवरी तक चलने वाले कार्य से आठ ट्रेनों को रद किया गया है। तीन ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। ट्रेनों को अलग-अलग दिनों में रद किया गया है। जबकि वाराणसी से जम्मू के बीच चलने वाली बेगमपुरा ( 12237-38 ) ट्रेन 7 से 14 जनवरी तक बीच रास्ते रद रहेगी। इस ट्रेन को पठानकोट तक चलाया जाएगा। लोहित एक्सप्रेस जम्मू से गुवाहटी-15652 को जम्मू से 8 जनवरी को तीन घंटे की देरी से चलाया जाएगा। यह ट्रेनें रहेंगी रद्द- नंबर कहां से कहां रद के दिवस 12355 पटना-जम्मूतवी 7 व 11 जनवरी 12356 जम्मूतवी-जम्मू 8 व 12 जनवरी 14612-11 श्रीमाता वैष्णोदेवी-गाजीपुर सिटी 9 व 10 जनवरी 22431-32 सूबेदारगंज-शहीद कैप्टन तुषार महाजन 7 व 11 और 8 व 12 जनवरी 15655-56 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णोदेवी 12 और 15 जनवरी



# महानगर की सड़कों पर घूम रहे कुत्ते बने लोगों के लिए खतरा, छुट्टा गोवंश भी समस्या

मुरादाबाद। महानगर की सड़कों पर घूम रहे स्ट्रीट डॉग्स लोगों के लिए खतरा बने हैं। आए दिन लोग इनके चलते चोटिल हो रहे हैं। अस्पतालों में इनके काटने से पीड़ित व्यक्ति एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए हर दिन पहुंच रहे हैं। फिर भी नगर निगम प्रशासन इनको पकड़वाने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रहा है। जबकि आए दिन यह कुत्ते और छुट्टा पशु लोगों को चोटिल करने के साथ ही उनके सामानों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। महानगर का कोई सार्वजनिक स्थान, सड़क या कोई गली-मोहल्ला नहीं है जहां कुत्ते सड़क पर झुंड में विचरण करते न मिल जाएं। यह कुत्ते कई बार लोगों के वाहनों को देखकर अचानक दौड़ा लेते हैं। जिससे लोग असंतुलित होकर गिरने से चोटिल हो रहे हैं। गली मोहल्लों के अलावा कई सरकारी कार्यालयों व कॉलोनियों में भी यह दिन हो या रात अचानक लोगों को दौड़ा लेते हैं जिससे बचने के लिए लोग इधर उधर भागते हैं और चोट खाकर जख्मी होते हैं। कई तो लोगों को काटकर जख्मी कर दे रहे हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन एआरवी कक्ष में इंजेक्शन लगवाने के लिए 25-50 लोग पहुंच रहे हैं। सड़कों पर रात को दिखने वालों पर यह टूट पड़ते हैं और लोग गिरते पड़ते किसी तरह अपनी जान बचाते हैं। सिविल लाइंस, आशियाना, रामगंगा विहार सहित अन्य कॉलोनियों में नागरिक कुत्तों के डर से सहमे रहते हैं। अलावा बाजारों में भी यह खुले में विचरण करते रहते हैं। जबकि नगर निगम के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई गोशालाएं बनी हैं। फिर सड़कों पर छुट्टा गोवंश लोगों के लिए मुश्किल बने हैं। सार्वजनिक स्थानों पर छुट्टा गोवंश लोगों के वाहनों को भी क्षतिग्रस्त करने के अलावा उनके सामान को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। भाकियू के संगठनों के पदाधिकारियों ने पिछले दिनों जिलाधिकारी अनुज सिंह से कलेक्ट्रेट कार्यालय में मिलकर किसानों की फसलों को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए उपाय कराने की मांग की थी।

# जनता के हवाले हुआ एमडीए का डॉ. आंबेडकर नेचर पार्क, 20 रुपये का शुल्क देकर पार्क में कर सकेंगे सैर

## मंडलायुक्त व एमडीए उपाध्यक्ष समेत अन्य अतिथियों ने किया उद्घाटन, पेड़ों के बीच मचान और ओपेन थियेटर, वाकिंग पथ, सेल्फी प्वाइंट और ओपेन जिम की मिलेगी सुविधा

मुरादाबाद। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से विकसित डॉ. आंबेडकर नेचर पार्क का उद्घाटन कर दिया गया। पार्क के उद्घाटन की तैयारियां काफी दिनों से चल रही थी। जिसके तहत मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष शैलेष कुमार समेत अन्य अतिथियों ने पार्क का उद्घाटन किया और पार्क को जनता के हवाले कर दिया। अब महानगरवासी 20 रुपये का शुल्क देकर इस पार्क में सैर कर सकेंगे। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा महानगर के आशियाना कालोनी स्थित डॉ. आंबेडकर नेचर पार्क को विकसित कराया गया है। इस पार्क का प्लान मंडलायुक्त और एमडीए उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप तैयार किया और इसे विकसित कराया। जिसके तहत गुरुवार को इस पार्क का उद्घाटन मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार समेत अन्य अतिथियों ने किया।

उद्घाटन के दौरान पार्क में जमकर आतिशबाजी भी की गई। पार्क के उद्घाटन के बाद पार्क परिसर में ही एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें कलाकारों ने अपने डांस व गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह बताया कि डॉ.आंबेडकर नेचर पार्क में एक विजन को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। जिसमें सैर करने वालों को यहां लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। पेड़ों के बीच मचान और ओपेन थियेटर जैसी सुविधाएं भी हैं। फव्वारा भी इस पार्क की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। बच्चों के लिए झूले से लेकर वाकिंग पथ, सेल्फी प्वाइंट और ओपेन जिम समेत अन्य सुविधाएं मिलेगी। इसके अलावा पार्क में खान-पान की दुकानें भी लगाई जाएगी। जिससे पार्क में आने वाले लोग घूमने के साथ-साथ खाने का भी आनंद ले सकेंगे। इस पार्क में प्रवेश शुल्क 20 रुपये निर्धारित किया गया है। गुरुवार शाम पार्क के उद्घाटन मौके पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सचिव अंजुलता, उपायुक्त सर्वेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, सदस्य विधान परिषद डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल भैया, गुरजीत सिंह चड्ढा, ठाकुर राहुल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, वाइपी गुप्ता, एमडीए से अमित कादियान, मुख्य अभियंता अरुण कुमार शर्मा समेत अन्य लोग शामिल रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# 05 लाख तक के उद्योग/सेवा परियोजना पर 100 प्रतिशत ब्याजमुक्त एवं बिना गारंटी के ऋण

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## परियोजना लागत का 10 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान निर्धारित

मुरादाबाद-मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में काउंसिल फसिलिटेशन की बैठक आयोजित हुई, जिसमें मण्डलायुक्त द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत योजना का शुभारम्भ किया गया वितरित किये। बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा वादों को सुना गया। मण्डलायुक्त द्वारा वादों को निस्तारित किया गया। उनके द्वारा कार्यवाहियों को अमल में लाने के निर्देश दिए। गया कि उ0प्र0 शासन द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से पूंजी निवेश को आकर्षित करने हेतु प्रतिवर्ष के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में महत्वाकांक्षी अभियान प्रारम्भ की गयी है। जिसके अन्तर्गत लाख तक की परियोजनाओं के ऋण पर कोई अनुदान देय नहीं होगा। इस योजना हेतु पोर्टलhttps//msme.up.gov.in पर ऑन एवं उद्यमिता प्रोत्ससाहन केन्द्र में ऑनलाइन से बैंकों को प्रेषण किया जायेगा। बैंकों के स्वीकृति/वितरण की व्यवस्था की गयी तथा



तथा योजना से सम्बन्धित पम्पलेट भी बैठक में सूक्ष्म, लघु इकाईयों के देरी से भुगतान संबंधी फैसिलिटेशन काउंसिल की बैठक में कुल 21 संबंधित अधिकारियों को वादों संबंधी इसके साथ ही बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा बताया मध्यम उद्यमों को गति प्रदान करते हुए इन उद्योगों अधिक रोजगार सृजित किये जाने तथा प्रदेश में 01 लाख नई सूक्ष्म इकाईयां स्थापित किये जाने नई योजना ''मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम रुपये 5.00 अनुदान निर्धारित किया जायेगा। जिसके सापेक्ष आवेदन की प्रक्रिया-एम0एस0एम0ई0 लाइन आवेदन करें तथा जिला उद्योग विकास प्राप्त आवेदनों का परीक्षणोंपरान्त ऑनलाइन रूप स्तर पर प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध रूप से ऋण बैंकों द्वारा ऑनलाइन रूप से मार्जिन मनी, ब्याज उपादान, सी0जी0टी0एम0एस0एम0एम0ई0 प्रतिपूर्ति प्राप्त किये जाने की व्यवस्था है।बैठक में श्री योगेश कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग, श्री पंकज सरन एल0डी0एम0, श्री जोगेन्द्र सिंह अपर सांख्यिकीय अधिकारी, श्री एस0के0 अग्रवाल काउंसिल मेम्बर आई0आई0ए0 श्री मोहित कुमार, श्री मोहम्मद हारून, श्री मोहम्मद अब्बास, श्री नितिन शर्मा, श्री देशराज, श्री आकाश ढल, श्री सागर जैन, श्री समित सिंह, श्री अमन अग्रवाल, श्री राकेश कुमार, श्री सरजीत सिंह इत्यादि उद्यमीगण उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई

जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सैनिकों/पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों द्वारा प्रस्तुत की गयीं विभिन्न समस्याएं जैसे- भूमि विवाद संबंधित समस्या, पेंशन संबंधी समस्या, शिक्षा संबंधी संबंधी इत्यादि समस्याओं को गंभीरता पूर्वक संबंधित अधिकारी को प्राथमिकता स्तर पर सैनिक बंधुओं से कहा कि किसी भी प्रकार को प्राथमिकता से निस्तारण करने का प्रयास हरिओम शर्मा की जमीन संबंधी समस्या, पूर्व समस्या, पूर्व सैनिक श्री जितेन्द्र पाल सिंह की सैनिक रामप्रकाश सिंह की नहर की पुलिया आफिसर श्री पुष्कर कुमार भट्नागर की सहित अन्य पूर्व सैनिकों की समस्याओं को अधिकारी को यथोचित कार्यवाही करने के निर्वाचन अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र ने बताया तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक 06.01.2025 थी वह अब संशोधित होकर



